NCERT SOLUTIONS

CLASS - 8TH

aglasem.com

Class : 8th

Subject : दूर्वा

Chapter : 15

Chapter Name : फ़र्श पर

Q1 (क) कविता में फ़र्श पर कौन-कौन और क्या-क्या करते हैं?

(ख) फ़र्श पर सभी के द्वारा कुछ न कुछ काम करने की बात कविता में हुई हैं, मगर महरी के काम को ही कविता लिखना क्यों कहा गया हैं?

Answer. (क) फ़र्श पर चिड़िया तिनके बिखरे देती है। हवा धूल बिखेर देती हैं। सूरज आकर धूप बिखेरता हैं। मुन्ना दूध की कटोरी उलट देता हैं। मम्मी दाल चावल के बिने दाने बिखेर देती है और पापा जूते बिखेर देते हैं।

(ख) महरी के काम को ही कविता लिखना कहा गया है क्योंकि वह झाड़ू लगाती हैं। फिर पोंछा लगाती है और पोंछा लगाते समय कुछ लाइनें छोड़ देती हैं, इसी को कविता कहा गया हैं।

Page : 102 , Block Name : पाठ से

Q2 (क) तुम अगर मुन्ना की जगह रहो तो क्या करोगे और क्यों ?

(ख) मम्मी और महरी के काम में तुम्हें जो कुछ समानता और असमानता नजर आती है, उसे अपने ढंग से बताओ।
(ग) तुम कविता में सभी को कुछ न कुछ करते हुए पाते हो। उसमें से तुम्हें किसका काम सबसे ज़्यादा है और क्यों?
(घ) तुम अपने घर को साफ रखने के लिए क्या-क्या करते हो? उन कामों की सूची बनाओ और उसके सामने यह भी लिखो कि तुम वह काम कब-कब करते हो।

Answer. (क) हम अगर मुन्ने की जगह होते तो हम भी ऐसे ही शैतानियां करते और फर्श पर सामान फैलाते |

(ख) मम्मी और महरी के कामों में यह समानता है कि दोनों ही सफाई कर रही हैं | असमानता यह है कि मम्मी के सफाई करने से फर्श गंदा हो रहा है परन्तु महरी की सफाई से फर्श साफ़ हो रहा है |

(ग) इस कविता में सबसे ज्यादा काम महरी का है क्योंकि वह सभी की फैलाई हुई गंदगी फर्श से साफ़ कर देती है|

(घ) अपने घर को साफ़ रखने के लिए हम अपने सामान को व्यवस्थित रख सकते है | घर की सफाई में मदद कर सकते है | ये सब काम हम स्कूल से आने के बाद और अपनी स्कूल की छुट्टी वाले दिन कर सकते है |

Q3 कविता में से चुनकर कुछ शब्द नीचे दिए गए हैं–
चिड़िया, डाल, तिनके, सूरज, हवा, हाथ, मुन्ना, कविता
इनका प्रयोग करते हुए कोई कहानी या कविता लिखो।

Answer. सुबह-सवेरे आती चिड़िया,
आकर मुझे जगाती चिड़िया ।
ऊपर बैठ मुंडेर पर,
चीं-चीं, चूँ-चूँ गाती चिड़िया ।
जाना है, नहीं स्कूल उसे
न ही दफ़्तर जाती चिड़िया ।
फिर भी सदा समय से आती,
आलस नहीं दिखाती चिड़िया ।
थोड़ा सा चुग्गा लेकर भी,
दिन भर पंख फैलाती चिड़िया ।
इससे सेहत ठीक है रखती ,
नहीं दवाई खाती चिड़िया ।
छोटी-सी है फिर भी बच्चो,
बातें कई सिखाती चिड़िया ।
रखो सदा ध्यान समय का,
सबको पाठ पढ़ाती चिड़िया ।

Page : 102, Block Name : तुम्हारी कल्पना

Q4 "और इस तरह लिखती हैं हर रोज़
एक कविता फ़र्श पर।"

aglasem.com

कविता में फ़र्श पर काम करने को भी कविता लिखना बताया गया है। फ़र्श के अतिरिक्त अन्यत्र भी तुम कुछ लोगों को काम करते हुए पा सकते हो। उनमें से तुम जिन कामों को कविता लिखना बता सकते हो, बताओ और उसके कारण भी बताओ।

Answer. फर्श के अतिरिक्त घर के अन्य काम जैसे कपड़े धोना, बर्तनों की आवाज़ आदि पर भी कविता लिखी जा सकती है |

Q5 (क) बच्चों द्वारा फ़र्श पर क्या-क्या करने से उन्हें नुकसान होता है? उसकी सूची बनाओ।
(ख) बच्चों के किन-किन कामों से फ़र्श को नुकसान होता है?

Answer. (क) जब बच्चे फर्श पर खेलते हैं तो उनके गिरने पर उनको चोट लग सकती है, कभी-कभी फर्श पर पानी पड़ा होता है जिससे बच्चे फिसल कर गिर सकते है और उन्हें चोट लग सकती है |

(ख) जब बच्चे फर्श पर कोई भरी चीज़ गिरा देते हैं या किसी नुकीली चीज़ से फर्श पर वार करते हैं तो इन सब चीज़ों से फर्श को नुकसान पहुंच सकता है |

Page : 103, Block Name : बच्चे और फर्श

Q6 कविता में बहुत से कामों का जिक्र किया गया है; जैसे-बिन्ना, बिखेरना, सजाना, उतारना, समेटना, आदि। इन्हें क्रियाओं कहते हैं। नीचे कुछ शब्द दिए गए हैं। इन्हें उचित क्रिया के साथ लिखो- पानी, टोकरी, बस्ता, चावल, हथेली, रंग, जुते

..... बीनना

.....उतारना

.....बिखेरना

.....समेटना

.....सजाना

Answer. दाल बीनना

चप्पल उतारना

रंग बिखेरना

सामान समेटना

घर सजाना

Page : 103, Block Name : काम के शब्द

aglasem.com